राजपूत ने कहा कि भागदौड़ भरी जीवनशैली और लगातार बढ़ते तनाव के बीच स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है.नियमित पैदल चलना न केवल शरीर को स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखता है.

## पीडब्ल्यूडी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**भोपाल.** लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत प्रदेश में संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा के लिए मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा भोपाल, मंडला, अशोकनगर, खंडवा, रीवा, नीमच एवं निवाड़ी में औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण में 34 कार्यों का रेंडम आधार पर चयन कर परीक्षण किया गया.


**पश्चिम मध्य रेल**

खुली ई-निविदा सूचना

सं. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यू.सी./482

दिनांक: 20.05.2026

वरि मंडल विधुत इंजी./टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 11:00 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बंधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.irpes.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा क्र.:** बीपीएल/ टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/482, **कार्य का विवरण:** प्रोविजन ऑफ 10 KVA AT फॉर एल-सी गेट्स नंबर 146, 131 एंड 136 इन बिटवीन रूठियाई-मक्सी सेक्शन ऑफ भोपाल डिवीजन, **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 6 माह, **अनुमानित लागत रू. में:** 2869662.28, **ईएमडी रू. में:** 57400.00, **जमा करने की अंतिम तारीख एंव समय:** 15.06.2026 को 11.00 बजे तक।

वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर, टीआरडी, पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# असंगठित कामगारों की अनदेखी का आरोप

## असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस विभाग का प्रदेशस्तरीय सम्मेलन

- नेताओं ने भाजपा सरकार को घेरा
- सरकार को 'मजदूर विरोधी' बताया



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 22 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस विभाग का प्रदेशस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर मजदूरों, कर्मचारियों और कमजोर वर्गों की अनदेखी करने का आरोप लगाया.**

एक दिवसीय सम्मेलन में प्रदेशभर से विभाग के पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष शामिल हुए.कार्यक्रम में अखिल भारतीय असंगठित कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद उदित राज, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे. सम्मेलन में असंगठित कामगारों, मजदूरों और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई.बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और श्रमिकों के कथित शोषण को लेकर भी नेताओं ने भाजपा सरकार को घेरा.विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए.

सभा को संबोधित करते हुए उदित राज ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारें श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रही हैं.उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में असंगठित मजदूरों का शोषण बढ़ा है और कांग्रेस हमेशा कमजोर वर्गों की आवाज उठाती रही है. उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार को 'मजदूर विरोधी' बताते हुए कहा कि कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक श्रमिकों के मुद्दे उठाती रहेगी.

> पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से संगठन को गांव स्तर तक मजबूत करने और श्रमिकों की समस्याओं को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया .सम्मेलन को डॉ. संजय कामले, महेंद्र जोशी और डॉ. महेंद्र सिंह चौहान सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भी संबोधित किया.

## तस्करी के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**भोपाल.** प्रदेश के विभिन्न शहरों में रेल नेटवर्क के जरिये दुर्लभ प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं की तस्करी में शामिल संगठित गिरोह के आरोपी परवेज खान और दीपक पारखे की प्रथम जमानत याचिका माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा खारिज कर दी गई है.


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है पूर्व में मेरा नाम HARWINDER KHATRI था। जिसे बदलकर नया नाम ANU KAURA कर दिया है मुझे ANU KAURA W/O RAVI KUMAR KAURA नाम से जाना पहचाना जाएं।

सही नाम

**अनु कौड़ा**

वार्ड नं. 9, कटंगी, बालाघाट (म.प्र.)



**भारतीय खाद्य निगम**

क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल 462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444, FAX: 0755-2573418, E- mail:- srmmp.fci@nic.in

क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2026/18 — दिनांक : 23.05.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है ।

किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)



**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA

Tower-F, NBCC World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi-110029

भादूविप्रा TRAI

रिक्ति परिपत्र संख्या : 01/2026-27

**सूचना**

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालयों, हैदराबाद/ कोलकाता/ भोपाल/ बेंगलुरू में परामर्शदाता - निजी सचिव (सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी) को अनुबंध के आधार पर नियुक्त करने के संबंध में.**

भादूविप्रा (मुख्यालय) अपने क्षेत्रीय कार्यालयों, हैदराबाद/कोलकाता/भोपाल/बेंगलुरू में अनुबंध के आधार पर एक परामर्शदाता [सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी ((निजी सचिव)) को नियुक्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है.

2. नियुक्ति हेतु विस्तृत नियम और शर्तें, योग्यता तथा अनुभव ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है. इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन ऑनलाइन मोड के माध्यम से URL: https://vacancies.trai.gov.in पर भेज सकते हैं. ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04 जून 2026 है.

सीबीसी-06202/12/0014/2



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**

**वीर सावरकर जोन क्र.-04 (मंगलवारा)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र. 04 के वार्ड क्र.-17 में स्थित वर्गीकृत बाजार न्यू कबाड़खाना के भूखण्ड क्र.179/180 का नामान्तरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है. जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | जोन क्र. | वार्ड क्र. | आवंटी का नाम | स्थान एवं भूखण्ड | आकार | नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 17 | श्री यासीन आत्मज श्री अब्दुल गनी | भूखण्ड क्र.-179 वर्गीकृत बाजार भूखण्ड क्र.-180 वर्गीकृत बाजार | 20×60=1200 वर्गफुट 20×60 =1200 वर्गफुट कुल योग 2400 वर्गफुट | 1. श्रीमती हफीजन बी पत्नी श्री मोहम्मद यासीन 2. श्री मो. फारुक 3. श्री मो. इकबाल 4. श्री मो. खालिद 5. मो. सादिक 6. श्री अंजुमा बानो 7. श्रीमती जरीना एवं 8. श्रीमती कमरुन निशा पुत्र एवं पुत्रीगण श्री मोहम्मद यासीन | आवेदन पत्र, शपथ पत्र, बयान पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर |

उपरोक्त भूखण्ड के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र. 04 वार्ड क्र.- 17 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें. नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और प्रकरण में विधिवत नामंतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी.

जोनल अधिकारी

जोनल अधिकारी जोन क्रमांक 4

नगर पालिक निगम भोपाल

सू. क्र. 3/026/027


# यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की सफाई का दावा गलत

- केंद्रीय पर्यावरण मंत्री के भ्रामक बयान की संगठनों ने की निंदा

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 22 मई. यूनियन कार्बाइड गैस हादसे के पीड़ितों के बीच काम कर रहे 4 संगठनों ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री द्वारा दिए गए उस दावे का कड़ा खंडन किया, जिसमें उन्होंने कहा कि भोपाल में यूनियन कार्बाइड के 'पूरे जहरीले कचरे' की सफाई हो चुकी है. संगठनों ने इस दावे को झूठा और भ्रामक बताया.**

भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की रशीदा बी ने कहा, मंत्री का दावा सच्चाई से बहुत दूर है. वास्तविकता यह है कि यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर से 400 मीट्रिक टन से भी कम जहरीला कचरा हटाया गया है.सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार यह भोपाल में फैक्ट्री परिसर के अंदर और बाहर दबे कुल खतरनाक कचरे का मात्र 1 प्रतिशत है.

भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने याद दिलाया कि, 'स्वयं केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने 19 जून 2023 को एक बैठक की अध्यक्षता की थी, जिसमें यह स्वीकार किया गया था कि बंद पड़ी फैक्ट्री और उसके आसपास मौजूद प्रदूषण के आकलन और उपचार का कार्य अभी लंबित है. भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के बालकृष्ण नामदेव ने कहा कि भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान की वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार फैक्ट्री परिसर और उसके आसपास दबे खतरनाक कचरे ने बंद पड़ी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के 4 किलोमीटर दायरे तक के भूजल को प्रदूषित कर दिया है.

> भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा की नसीरीन बी ने कहा कि भोपाल में जारी इस पर्यावरणीय आपदा के प्रति राज्य और केंद्र सरकारों की प्रतिक्रिया दिसंबर 1984 की गैस त्रासदी के समय की प्रतिक्रिया से भी बदतर है, और यह केवल सरकारी झूठों की गुणवत्ता तक सीमित नहीं है. उन्होंने आगे कहा, जिस राज्य सरकार के पास यह जमीन है, उसने आज तक पर्यावरणीय क्षति के लिए यूनियन कार्बाइड या उसकी मालिक डॉव केमिकल से मुआवजा मांगने की पहल नहीं की है.


संख्या- Q-15014/01/2023-CPA

**भारत सरकार**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**

द्वितीय तल, पृथ्वी विंग, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली

**विषय : राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग में दो (02) पूर्णकालिक (तकनीकी) सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में.**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, दिल्ली में दो (02) पूर्णकालिक सदस्य (तकनीकी) के पदों पर चयन एवं नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

2. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) एक वैधानिक निकाय है, जिसकी स्थापना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 (2021 का 29) के अंतर्गत की गई है. उक्त सदस्य पूर्णकालिक पदाधिकारी होगा.

3. विस्तृत विज्ञापन मंत्रालय की वेबसाइट https://moef.gov.in तथा CAQM की वेबसाइट https://caqm.nic.in पर उपलब्ध है.

(पी. वी. पिल्लई) निदेशक (सीपी)

दूरभाष : 011-20819195

ई-मेल: v.pazhaniyandi@nic.in

CBC 13101/11/0003/2627



**भारत सरकार**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड (DPBI) में अध्यक्ष और सदस्यों के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं**

भारत सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 की धारा 18 के तहत भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड (DPBI) की स्थापना की है. इस बोर्ड की स्थापना एक निगमित निकाय के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य अधिनियम के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक स्वतंत्र न्यायनिर्णयन प्राधिकरण के रूप में कार्य करना है.

भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड (DPBI) को एक 'डिजिटल-बाय-डिजाइन' संस्थान के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो कुशल, पारदर्शी और तकनीक सक्षम शासन सुनिश्चित करने के सरकार के उद्देश्य के अनुरूप है. इसे व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन और गैर-अनुपालन के मामलों की जांच करने, शमन और उपचारात्मक कार्रवाई के लिए उचित निर्देश जारी करने तथा डीपीडीडी अधिनियम और इसके तहत बनाए गए डीपीडीडी नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार मौद्रिक दंड लगाने का अधिकार है.

बोर्ड में एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य शामिल हैं.

अध्यक्ष और चार अन्य सदस्यों के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन प्रारूप, पात्रता शर्तें, आवश्यक योग्यताएं, वेतन और भत्ते तथा अन्य विवरणों के लिए मंत्रालय की वेबसाइट www.meity.gov.in पर लॉग ऑन करें.

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर, उप सचिव (कार्मिक), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6 सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली 110003 के पास पहुंच जाना चाहिए. [p.victor@nic.in]

CBC 06101/11/0006/2



**राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, इंदौर बेंच के समक्ष**

**कंपनी योजना याचिका सं. CP(CAA)/3(MP)2026**

संबद्ध

**कंपनी योजना आवेदन सं. CA(CAA)/1(MP)2026**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 तथा अन्य लागू प्रावधानों के मामले में

तथा

एचईजी लिमिटेड एवं एचईजी ग्रेफाइट लिमिटेड एवं भीलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड तथा उनके संबंधित शेयरधारकों एवं लेनदारों के मध्य समग्र व्यवस्था योजना के मामले में

**एचईजी लिमिटेड,** कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित एक कंपनी है, जिसकी कॉर्पोरेट पहचान संख्या सीआईएन: L23109MP1972PLC008290 है, और इसका पंजीकृत कार्यालय मंडीदीप, भोपाल के निकट, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश - 462 046, भारत स्थित है। .... कंपनी/प्रथम याचिकाकर्ता कंपनी/विविलयित कंपनी/हस्तांतरिती कंपनी

**एचईजी ग्रेफाइट लिमिटेड,** जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित एक कंपनी है, जिसकी कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन): U23994MP2024PLC071568 है, और जिसका पंजीकृत कार्यालय C/o एचईजी लिमिटेड, एनएच-12, जिला रायसेन, भोपाल के निकट, मंडीदीप, भोपाल, हुजूर, मध्य प्रदेश - 462046, भारत स्थित है। .... द्वितीय याचिकाकर्ता कंपनी/परिणामी कंपनी

**भीलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड,** जो कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित एक कंपनी है, जिसकी कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन): U35100MP2006PLC071693 है और जिसका पंजीकृत कार्यालय C/o एचईजी लिमिटेड, एनएच-12, जिला रायसेन, भोपाल के निकट, मंडीदीप, भोपाल - 462046, हुजूर, मध्य प्रदेश, भारत में स्थित है। .... तृतीय याचिकाकर्ता कंपनी/हस्तांतरक कंपनी

सामूहिक रूप से "याचिकाकर्ता कंपनियाँ" के तौर पर संदर्भित

**कंपनी योजना याचिका की सुनवाई की सूचना**

याचिकाकर्ता कंपनियों द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 तथा अन्य लागू प्रावधानों के अंतर्गत एचईजी लिमिटेड एवं एचईजी ग्रेफाइट लिमिटेड एवं भीलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड तथा उनके संबंधित शेयरधारकों एवं लेनदारों के मध्य समग्र व्यवस्था योजना के अनुमोदन हेतु एक कंपनी याचिका दिनांक 12 मई, 2026 को प्रस्तुत की गई थी, जिसे माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, इंदौर पीठ ("आदेश) ("एनसीएलटी) द्वारा दिनांक 14 मई, 2026 के आदेश के माध्यम से स्वीकार किया गया। माननीय श्री ब्रजेंद्र मणि त्रिपाठी, माननीय सदस्य (न्यायिक) तथा माननीय श्री मन मोहन गुप्ता, माननीय सदस्य (तकनीकी), एनसीएलटी द्वारा कंपनी याचिका सं. CP(CAA)/3(MP)/2026, में पारित आदेश के अनुसार, उक्त विषय की सुनवाई एवं अंतिम निस्तारण की तिथि, जैसा कि माननीय अधिकरण द्वारा निर्धारित किया गया है, 04 जून, 2026 है।

यदि कोई व्यक्ति उक्त कंपनी याचिका का समर्थन अथवा विरोध करना चाहता हो, तो वह अपनी ऐसी मंशा की सूचना, लिखित रूप में, स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षरित, अपने पूर्ण नाम एवं पते सहित, याचिकाकर्ता कंपनियों के अधिवक्ता श्री रवि पाहवा, पार्टनर, मेसर्स ठक्कर एंड पाहवा एडवोकेट्स को ravi.pahwa@thakkarandpahwa.com (सॉफ्ट कॉपी में) तथा/अथवा मेसर्स ठक्कर एंड पाहवा एडवोकेट्स, कार्यालय: 71, न्यूयॉर्क टॉवर - ए, 7वीं मंजिल, मुक्ति धाम देरासर, थलतेज चार रास्ता, अहमदाबाद - 380054 (हार्ड कॉपी में) के समक्ष इस प्रकार प्रेषित करे कि वह उक्त कंपनी याचिका की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि से कम-से-कम दो दिन पूर्व याचिकाकर्ता कंपनियों के अधिवक्ता को प्राप्त हो जाए। यदि कोई व्यक्ति कंपनी याचिका का विरोध करना चाहता है, तो विरोध के आधार अथवा उसके शपथपत्र की प्रति भी उक्त सूचना के साथ संलग्न की जाएगी।

कंपनी याचिका की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित शुल्क के भुगतान पर किसी भी व्यक्ति को उपलब्ध कराई जाएगी।

दिनांक: 23 मई, 2026

स्थान: इंदौर

हस्ताक्षर

रवि पाहवा

पार्टनर

ठक्कर एंड पाहवा एडवोकेट्स

याचिकाकर्ता कंपनियों के अधिवक्ता

# एमपी बना वैश्विक वन्य जीव संरक्षण का रोल मॉडल

## प्रकृति के संरक्षण को केवल नीति नहीं, बल्कि संस्कृति बनाएंगे : केन्द्रीय मंत्री यादव

- 5 रुपए का डाक टिकट भी किया लांच
- प्रचार साहित्य, नेशनल रिपोर्ट्स का विमोचन

**भोपाल, 22 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जैव-विविधता में हमारा प्रदेश, देश में एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में विकसित किया जा रहा है.हमारे पास टाइगर स्टेट, लेपर्ड स्टेट, चीता स्टेट, वल्चर स्टेट, घड़ियाल स्टेट, वुल्फ स्टेट का टाइटल है.**

सालों पहले देश की धरती से चीते लुप्त हो चुके थे.हम देश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के रूप में पहचाने जाने वाले चीतों को प्रदेश की धरती में वापस ले आये हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को चीता स्टेट बनने का गौरव देने के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि चीतों ने पालपुर कूनो और गांधी सागर अभयारण्य को अपना घर मान लिया है. लगभग 100 साल के बाद मध्यप्रदेश की धरती पर जंगली भैंसे का पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना की गई है.दुर्लभ प्रजाति के 33 कछुए और 53 घड़ियाल कूनो नदी में छोड़े गए हैं.हलाली डेम क्षेत्र में 5 लुप्तप्राय गिद्धों को उनके नैसर्गिक वातावरण में मुक्त किया गया है.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि



मध्यप्रदेश में 5 हजार से अधिक वनस्पतियां, करीब 500 पक्षियों की प्रजातियां और 180 से अधिक मछलियों की प्रजातियां मौजूद हैं.मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तो मध्यप्रदेश के जंगलों में 100 से ज्यादा हाथी भी विचरण कर रहे हैं.कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, मंत्रालय के केन्द्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों का पुनर्स्थापन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था.प्रदेश के वन विभाग ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए मध्यप्रदेश की धरती पर चीतों का नया घर तैयार किया है.हमारा वन अमला हाथियों के प्रबंधन के लिए बुलेटिन निकालने जैसे नवाचार भी कर रहा है.चंबल और कूनो नेशनल पार्क में घड़ियालों के संरक्षण का कार्य भी तेजी से हो रहा है.मां नर्मदा का वाहन मगर है, इनके संरक्षण और पुनर्वास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है.

> राज्य सरकार ने प्रदेश की धरती पर 100 साल बाद 8 जंगली भैंसों की वापसी कराई है.इससे हमारे कान्हा नेशनल पार्क की जैव-विविधता समृद्ध हुई है.असम सरकार के सहयोग से हमें जंगली भैंसे मिले हैं.दुर्लभ प्रजाति के गिद्धों का भी संरक्षण किया गया है.भोपाल से छोड़े गए गिद्ध ने उज्बेकिस्तान तक का सफर तय कर लिया है.जल और जंगल के संरक्षण तथा जमीन उर्वरता बचाए रखने में मध्यप्रदेश देश में नंबर वन है.प्रदेश में 2 लाख से अधिक जलदूत बनाए गए और एक हजार अमृत सरोवर का निर्माण भी तेजी से हो रहा है.प्रदेश के पाँच हजार जलस्रोतों का विकास किया जा रहा है.



# गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**भोपाल, 22 मई. मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया.**

मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया. जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन उपस्थित रहे.

## दतिया के सेरसा गांव में मंदिर में शिवलिंग तोड़े जाने के बाद तनाव

**दतिया,22 मई.** दतिया के मंदिर में शिवलिंग तोड़े जाने के बाद गांव में तनाव व्याप्त हो गया है.केस दर्ज होने से पहले ही आरोपी फरार हो गया है.ग्रामीण बोले कि इस घटना से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं. दतिया जिले के उनाव थाना क्षेत्र के ग्राम सेरसा में धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का यह मामला सामने आया है.गांव के मातन मोहल्ला स्थित प्राचीन शंकर जी मंदिर में बीती रात एक युवक द्वारा शिवलिंग तोड़े जाने की घटना हुई.घटना के बाद गांव में आक्रोष व्याप्त है और पुलिस तैनात कर दी गई है.

# पवन चक्कियों पर डाका : गार्ड को बनाया बंधक

- पुलिस पर पथराव और फिर बड़ा खुलासा
- 16 बदमाश गिरफ्तार, 30 लाख की केबल और वाहन जब्त



नवभारत न्यूज

**रतलाम/रिंगनोद. थाना रिंगनोद क्षेत्र के ग्राम रोला मगरा स्थित पवन चक्कियों पर हुई सनसनीखेज लूट और चोरी की वारदात का पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.आरोपियों से चोरी गई कॉपर केबल, एक बोलेरो और एक पिकअप वाहन सहित करीब 30 लाख रुपए का माल बरामद किया गया है.**

घटना 20 मई 2026 की मध्यरात्रि करीब 12:15 बजे की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि सुजलोन कंपनी की पवन चक्कियों पर 15 से 20 बदमाश लाठी-पत्थरों से लैस होकर पहुंचे हैं और लूट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं.

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रिंगनोद निरीक्षक आनंद सिंह आजाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. बताया गया कि बदमाशों ने पुलिस टीम पर भी बड़े-बड़े पत्थरों से हमला कर दिया, जिसमें फरियादी सहित पुलिसकर्मी घायल हो गए.आरोपियों ने गार्ड को बंधक बनाकर उसके पास रखे 11 हजार रुपए लूट लिए और पवनचक्की क्रमांक एसकेएस-01 व एसकेएस-08 से करीब 10 लाख रुपए कीमत की कॉपर केबल काटकर फरार हो गए.

# पानी के किनारे बैठी टी-17 बाघिन, पर्यटकों ने किया दीदार

## संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में दिखा दुर्लभ नजारा

**सीधी, 22 मई. संजय टाइगर रिजर्व में भीषण गर्मी के बीच एक दुर्लभनजारा देखने को मिला.यहां की प्रसिद्ध बाघिन टी-17 शुक्रवार को करीब तीन घंटे तक पर्यटकों के सामने एक जल स्रोत के किनारे बैठी रही.यह पहली बार है जब यह बाघिन इतनी देर तक शांत मुद्रा में पर्यटकों के करीब दिखाई दी.दोपहर लगभग 12 बजे पर्यटक सफारी के दौरान जंगल में एक जल स्रोत के पास पहुंचे.तभी उनकी नजर पानी के किनारे आराम कर रही टी-17 बाघिन पर पड़ी.**

गर्मी से राहत पाने के लिए बाघिन लंबे समय तक वहीं बैठी रही, जिससे पर्यटकों को उसे करीब से देखने का मौका मिला.पर्यटकों ने इस पल को अपने कैमरों में कैद कर लिया.बाघिन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए, जहां लोगों ने उसके शांत स्वभाव और शाही अंदाज की सराहना की.कई पर्यटकों ने इस अनुभव को अपनी सबसे यादगार जंगल सफारी बताया.गर्मी के मौसम में वन्यजीव अक्सर जल स्रोतों के आसपास सक्रिय हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को उन्हें देखने के अधिक अवसर मिलते हैं.टी-17 बाघिन का इस तरह लंबे समय तक खुले में दिखना वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक रोमांचक अनुभव रहा.इस वीडियो के सामने आने के बाद पर्यटकों में एक बार फिर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है.



# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सुरभि और गोपाला गौशेड का किया लोकार्पण

- 1200 गौवंश के आश्रय की हुई व्यवस्था

**भोपाल 22 मई . उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिनौती गौधाम गौसंरक्षण का बड़ा केन्द्र बनने जा रहा है. यहां प्राकृतिक खेती की भी शुरूआत की जा रही है. इस स्थल को हरीतिमायुक्त बनाकर सुरम्य बनाया जायेगा.**

उन्होंने सुरभि एवं गौपाला गौशेड का लोकार्पण किया जहां 1200 से अधिक गौवंश को आश्रय मिलेगा.उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल नई दिल्ली से चलकर प्रयागराज होते हुए सीधे हिनौती गौधाम पहुंचे जहां उन्होंने गौपूजन किया तथा गाय को गुड़ खिलाया.उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शेड गौशेड के निर्माण के कार्य शीघ्र गति से पूर्ण करायें ताकि वर्षा से पूर्व अधिक से अधिक गौवंश के आश्रय की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके.

उन्होंने सभी गौशेड में बिजली व पंखे की व्यवस्था करने तथा भूसा शेड में बिजली की व्यवस्था के निर्देश दिये. श्री शुक्ल ने कहा कि गौधाम में लगाये गये पौधों की नियमित सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें.उन्होंने कहा कि गौधाम आदर्श गौधाम बनेगा जहां 25 हजार गौवंश के संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने गौधाम के प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये.उन्होंने गौधाम के प्रबंधक तथा गौसेवकों के मानदेय में वृद्धि की बात भी कही.



> श्री शुक्ल ने गौसेवकों के लिये गौधाम में शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये .उप मुख्यमंत्री ने ग्राम जनप्रतिनिधियों की मांग पर नादघाट के पहुंचमार्ग को दुरूस्त करने तथा इसके सौन्दर्यीकरण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये .उन्होंने गौधाम के वर्कप्लान का अवलोकन किया .इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम दृष्टि जायसवाल, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, उप मुख्यमंत्री जी के प्रतिनिधि व गौधाम के सलाहकार राजेश पाण्डेय, सीईओ जनपद प्राची चतुर्वेदी, हरिश्चन्द्र द्विवेदी सहित अधिकारी व गौधाम से सबंद्धजन उपस्थित रहे .

# सिंधिया ने समर्थकों से कहा-पेट्रोल-डीजल वाहनों का उपयोग कम करें

**ग्वालियर, 22 मई. केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र प्रवास से पूर्व क्षेत्रवासियों और समर्थकों से आत्मीय अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में पेट्रोल-डीजल की प्रत्येक बूंद बचाना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है.**

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और आह्वान के अनुरूप सार्वजनिक जीवन में सादगी, जिम्मेदारी और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को अपनाना समय की आवश्यकता है.इसी भावना के साथ उन्होंने भोपाल और संसदीय क्षेत्र गुना, शिवपुरी में समर्थकों से प्रवास में उनके आवागमन के दौरान पेट्रोल-डीजल वाहनों का उपयोग न करने का आग्रह किया. उन्होंने क्षेत्रवासियों से जिम्मेदार नागरिक के रूप में सहभागिता निभाने का आग्रह किया.



# रीवा में सरपंच की संदिग्ध हालात में मौत

## दो महिलाओं पर जहर देकर मारने का परिजनों ने लगाया आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 मई, रीवा में एक सरपंच की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. जिसमें दो महिलाओं पर सरपंच को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की गई है. जिन महिलाओं के द्वारा मृतक को अस्पताल लाया गया उन महिलाओं के द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व सरपंच के साथ ऋतुराज पार्क के अंदर जमकर मारपीट की गई थी, जिसमें पैसे के लेनदेन का मामला सामने आया था.**

परिजनों ने बताया कि मृतक ताज मोहम्मद गोविंदगढ़ के मड़वा के सरपंच है जो एक जमीन के सौदे में रीवा आये हुए थे. शाम को अचानक परिजनों को फोन आया कि सरपंच की हालत खराब है जब वह अस्पताल पहुंचे तो उनकी मौत हो चुकी थी. हालांकि जिस सरपंच की मौत हुई है उसे दो महिलाओं के द्वारा संजय गांधी अस्पताल लाया गया था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई.

बताया जा रहा है कि चिरहुला में उन्हीं महिलाओं के घर में बैठकर उन्होंने फल खाया था इसके बाद उनकी हालत बिगड़ी थी. इस पूरे मामले को लेकर परिजन अब उन महिलाओं पर जहर देकर मारने का आरोप लगा रहे हैं. क्योंकि तकरीबन 2 वर्ष पूर्व इन्हीं दोनों महिलाओं के द्वारा सरेआम सरपंच ताज मोहम्मद के साथ ऋतुराज पार्क के अंदर जमकर मारपीट की गई थी. दो वर्ष पूर्व हुई घटना के बाद भी सरपंच ताज मोहम्मद का उन महिलाओं से संपर्क जारी रहा. परिजनों का आरोप है कि बीती शाम आखरी बार सरपंच उन्हीं के घर था और वही महिलाए अस्पताल लाई थी जिसको लेकर अब सरपंच के परिजन हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं.

# घरेलू गैस सिरेंडर की रिफलिंग व कालाबाजारी मामले में कोर्ट सख्त

**जबलपुर, 22 मई. अपर सत्र न्यायालय ने घरेलू गैस सिरेंडर की रिफलिंग व कालाबाजारी के आरोपी जबलपुर निवासी किराना दुकान संचालक अजय साहू व प्रीति साहू की अपील निरस्त कर दी। इसी के साथ एक-एक साल की सजा बरकरार रखी गई है।**

राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राजकुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपियों द्वारा किराना दुकान की आड़ में गैर कानूनी तरीके से मिट्टी तेल, गैस सिलेंडर की रिफलिंग व ब्लैक मार्केटिंग खुलेआम की जा रही थी। जिसकी लिखित शिकायत जिला खाद्य नियंत्रक अधिकारी, जिला खाद्य शाखा जबलपुर को प्राप्त होने पर शिकायत के आधार पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा अजय किराना स्टोर की आकस्मिक जांच की गई। मौके पर 10 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर, तीन इंडेन के भरे हुए, दो भारत गैस कंपनी के, पांच एचपी कंपनी के जो कुछ भरे और कुछ खाली जप्त किए गए। [illegible]जातों की मांग किए जाने पर कोई भी कागजात नहीं दिखाए जाने पर मौके पर उपस्थित लोगों से पूछताछ किए जाने पर बताया गया कि उक्त किराना दुकान में गैस सिलेंडर की कीमत के अतिरिक्त पांच सौ रु. प्रति सिलेंडर को ब्लैक पर बेचा जाता है और एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस पलटने का काम किया जाता है।

# पति ने बिना तलाक की दूसरी शादी, पत्नी पहुंची थाने ...

- बोली- 4 दिन पहले बताया फिर भी पुलिस ने नहीं रोका



**नीमच।** जिले के रामपुरा और जावद तहसील से घरेलू हिंसा और अवैध पुनर्विवाह का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पुलिस को समय रहते लिखित सूचना देने के बावजूद उसके पति ने दूसरा विवाह कर लिया।

## 2018 में हुआ था विवाह, दहेज के लिए प्रताड़ना

पीड़िता सपना कछावा निवासी जमालपुरा, रामपुरा का विवाह वर्ष 2018 में जावद तहसील के मोरवन निवासी जोहरसिंह कछावा के साथ हुआ था। उनकी 4 साल की एक बेटी भी है। सपना का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति जोहरसिंह 5 लाख रुपए और कार की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। वह शराब पीकर आए दिन मारपीट करता था।

## पुलिस पर लापरवाही का आरोप

पीड़िता ने बताया कि उसे अपने पति की दूसरी शादी की जानकारी पहले ही मिल गई थी। सपना ने 21 अप्रैल 2026 को रामपुरा थाने में लिखित आवेदन देकर इस अवैध विवाह को रोकने की गुहार लगाई थी। इसके बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया और आरोपी जोहरसिंह ने 25 अप्रैल 2026 को बिना तलाक लिए दूसरी शादी रचा ली।

> **पीड़िता बोली- आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करें**
>
> पीड़िता और उसके भाई ने अब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को जोहरसिंह की दूसरी शादी के कार्ड और तस्वीरें साक्ष्य के रूप में दी हैं। सपना का कहना है कि पुलिस की ढिलाई के कारण ही आरोपी के हौसले बुलंद हुए। उन्होंने मांग की है कि आरोपी पति के खिलाफ तत्काल दहेज उत्पीड़न और अवैध पुनर्विवाह की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जाए, ताकि उसे और उसकी मासूम बेटी को न्याय मिल सके।

## किराना सामग्री से लदी लोडिंग गाड़ी खाई में गिरी, ग्रामीणों ने सवारों को बचाया

**नीमच।** जिले के कुकड़ेश्वर-मनासा मार्ग पर गुरुवार रात एक लोडिंग गाड़ी सड़क किनारे गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा गोटा पिपलिया पुलिया के पास हुआ। गनीमत रही कि हादसे में फंसे लोगों को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

मंडावरा ट्रांसपोर्ट की यह गाड़ी किराना सामग्री से लदी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लोडिंग वाहन तेज रफ्तार में पुलिया के पास पहुंचा और चालक नियंत्रण खो बैठा, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे के समय कोई अन्य राहगीर या वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया और वाहन में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

इस दुर्घटना के कारण कुकडेश्वर-मनासा मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। प्रारंभिक जांच में वाहन की तेज रफ्तार और चालक द्वारा नियंत्रण खोना हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।


**राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, इंदौर बेंच के समक्ष**

**कंपनी योजना याचिका सं. CP(CAA)/3(MP)2026**

**संबद्ध**

**कंपनी योजना आवेदन सं. CA(CAA)/1(MP)2026**

**कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 तथा अन्य लागू प्रावधानों के मामले में**

**तथा**

**एचईजी लिमिटेड एवं एचईजी ग्रेफाइट लिमिटेड एवं भीलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड तथा उनके संबंधित शेयरधारकों एवं लेनदारों के मध्य समग्र व्यवस्था योजना के मामले में**

| | |
|---|---|
| **एचईजी लिमिटेड,** कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित एक कंपनी है, जिसकी कॉर्पोरेट पहचान संख्या सीआईएन: L23109MP1972PLC008290 है, और इसका पंजीकृत कार्यालय मंडीदीप, भोपाल के निकट, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश – 462 046, भारत स्थित है। ) | .... कंपनी/प्रथम याचिकाकर्ता कंपनी/विविलयित कंपनी/ हस्तांतरिती कंपनी |
| **एचईजी ग्रेफाइट लिमिटेड,** जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित एक कंपनी है, जिसकी कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन): U23994MP2024PLC071568 है, और जिसका पंजीकृत कार्यालय C/o एचईजी लिमिटेड, एनएच-12, जिला रायसेन, भोपाल के निकट, मंडीदीप, भोपाल, हुजूर, मध्य प्रदेश – 462046, भारत स्थित है। ) | .... द्वितीय याचिकाकर्ता कंपनी/ परिणामी कंपनी |
| **भीलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड,** जो कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित एक कंपनी है, जिसकी कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन): U35100MP2006PLC071693 है और जिसका पंजीकृत कार्यालय C/o एचईजी लिमिटेड, एनएच-12, जिला रायसेन, भोपाल के निकट, मंडीदीप, भोपाल – 462046, हुजूर, मध्य प्रदेश, भारत में स्थित है। ) | .... तृतीय याचिकाकर्ता कंपनी/ हस्तांतरक कंपनी<br>सामूहिक रूप से "याचिकाकर्ता कंपनियाँ" के तौर पर संदर्भित |

**कंपनी योजना याचिका की सुनवाई की सूचना**

याचिकाकर्ता कंपनियों द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 तथा अन्य लागू प्रावधानों के अंतर्गत एचईजी लिमिटेड एवं एचईजी ग्रेफाइट लिमिटेड एवं भीलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड तथा उनके संबंधित शेयरधारकों एवं लेनदारों के मध्य समग्र व्यवस्था योजना के अनुमोदन हेतु एक कंपनी याचिका दिनांक 12 मई, 2026 को प्रस्तुत की गई थी, जिसे माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, इंदौर पीठ ("आदेश) ("एनसीएलटी) द्वारा दिनांक 14 मई, 2026 के आदेश के माध्यम से स्वीकार किया गया। माननीय श्री ब्रजेंद्र मणि त्रिपाठी, माननीय सदस्य (न्यायिक) तथा माननीय श्री मन मोहन गुप्ता, माननीय सदस्य (तकनीकी), एनसीएलटी द्वारा कंपनी याचिका सं. CP(CAA)/3(MP)/2026, में पारित आदेश के अनुसार, उक्त विषय की सुनवाई एवं अंतिम निस्तारण की तिथि, जैसा कि माननीय अधिकरण द्वारा निर्धारित किया गया है, 04 जून, 2026 है।

यदि कोई व्यक्ति उक्त कंपनी याचिका का समर्थन अथवा विरोध करना चाहता हो, तो वह अपनी ऐसी मंशा की सूचना, लिखित रूप में, स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षरित, अपने पूर्ण नाम एवं पते सहित, याचिकाकर्ता कंपनियों के अधिवक्ता श्री रवि पाहवा, पार्टनर, मेसर्स ठक्कर एंड पाहवा एडवोकेट्स को ravi.pahwa@thakkarandpahwa.com (सॉफ्ट कॉपी में) तथा/अथवा मेसर्स ठक्कर एंड पाहवा एडवोकेट्स, कार्यालय: 71, न्यूयॉर्क टॉवर – ए, 7वीं मंजिल, मुक्ति धाम देरासर, थलतेज चार रास्ता, अहमदाबाद – 380054 (हार्ड कॉपी में) के समक्ष इस प्रकार प्रेषित करे कि वह उक्त कंपनी याचिका की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि से कम-से-कम दो दिन पूर्व याचिकाकर्ता कंपनियों के अधिवक्ता को प्राप्त हो जाए। यदि कोई व्यक्ति कंपनी याचिका का विरोध करना चाहता है, तो विरोध के आधार अथवा उसके शपथपत्र की प्रति भी उक्त सूचना के साथ संलग्न की जाएगी।

कंपनी याचिका की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित शुल्क के भुगतान पर किसी भी व्यक्ति को उपलब्ध कराई जाएगी।

दिनांक: 23 मई, 2026

हस्ताक्षर
रवि पाहवा
पार्टनर
ठक्कर एंड पाहवा एडवोकेट्स
याचिकाकर्ता कंपनियों के अधिवक्ता

स्थान: इंदौर